कार्यालय : प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखंड, राँची।

वन भवन, डोरण्डा, राँची, झारखंड, पिन–834002, Email : pccf-ednodal@gov.in

पत्रांक :– 848 राँची, दिनांक :– 17/8/2023

सेवा में,

क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक,
हजारीबाग।

श्री मनोज
19/8/23

विषय :– **सी0सी0एल0 के मगध ओ0सी0पी फेज–2 हेतु 192.36 हे0 (वन भूमि– 57.29 हे0 एवं जंगल झाड़ी भूमि– 135.07 हे0) वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव (FP/JH/MIN/87235/2010) के संबंध में।**

प्रसंग :–
1. भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, न्यू दिल्ली के पत्रांक 8–27/2022–FC दिनांक 28.04.2023
2. क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, हजारीबाग के पत्रांक 1785 दिनांक 20.07.2023 एवं 1787 दिनांक 20.07.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संदर्भ में सूचित करना है कि भारत सरकार के प्रासंगिक पत्र–1 द्वारा सी0सी0एल0 के मगध ओ0सी0पी फेज–2 हेतु 192.36 हे0 (वन भूमि– 57.29 हे0 एवं जंगल झाड़ी भूमि– 135.07 हे0) वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव में 14 बिन्दुओं पर की गई पृच्छा का निराकरण प्रतिवेदन आपके कार्यालय पत्रांक 1785 दिनांक 20.07.2023 एवं 1787 दिनांक 20.07.2023 द्वारा प्राप्त हुआ है। उक्त निराकरण प्रतिवेदन में निम्नवत् बिन्दुओं पर कमियाँ पायी गई है :–

(i) भारत सरकार के पत्र दिनांक 28.04.2023 के द्वारा की गई पृच्छा सं0– 8 के निराकरण में Time period of violation प्रतिवेदित नहीं है।

(ii) पृच्छा सं0– 10 के निराकरण में Detail report including nature of violation एवं Chronology अप्राप्त है।

(iii) पृच्छा सं0– 11 एवं 13 का प्राप्त निराकरण अपूर्ण है। इस संदर्भ में सक्षम स्तर से Approved Wildlife Management Plan की प्रति अपेक्षित है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त बिन्दुओं पर वांछित निराकरण प्रतिवेदन यथाशीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

17/8/23

प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

कार्यालय – क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, हजारीबाग।

ज्ञापांक : 2065 16-8 दिनांक : 19.8.2023

प्रतिलिपिः– वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, चतरा/वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि विषयक परियोजना से संबंधित उपरोक्त पृच्छाओं का निराकरण प्रतिवेदन यथाशीघ्र इस कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें।

19/8/23

क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक,
हजारीबाग।

19/8/23

कार्यालय – वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, चतरा

ज्ञापांक : 472 दिनांक : 19-08-2023

प्रतिलिपिः– वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि विषयक परियोजना में प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, रांची द्वारा तीन बिन्दुओं पर की गई पृच्छा से संबंधित निराकरण प्रतिवेदन यथाशीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

19/8/23

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल, चतरा